Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 23-05-2006

Participants : Yadav Shri Ram Kripal

>

Title : Need to take suitable measures to check increasing naxalite activities in Bihar.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : महोदय, बिहार में उग्रवादी गतिविधि दिनोंदिन बढ़ती जा रही हैं खासकर पटना जिले के एक दो ब्लॉक बिक्रस, नोबतपुर, पाली, मसोठी के साथ साथ सम्पूर्ण बिहार में यह समस्या चिन्ताजनक स्थिति में पहुंच गयी है। वैसे तो नेपाल से सटे हुए सभी जिलों में माओवादी का वर्चस्व होता जा रहा है, खासकर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की समस्या कुछ अलग है। वहां असमानता, विकास और बेरोजगारी एक अहम मुद्दा है। अगर केन्द्र सरकार इस विाय पर ध्यान दे और वहां कुछ विशो कार्यक्रम और योजनाएं चलायी जायें तो नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में उग्र वादियों से निपटने में काफी मदद मिल सकती है। साथ ही साथ राज्य पुलिस को आधुनिक हथियार, गाड़ी, संचार सामग्री आदि मुहैया कराना अति आवश्यक है।

अतः मैं इस सदन के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी से इस अत्यंत ही महत्वपूर्ण समस्या पर ध्यान आकृट करना चाहता हूं और आशा करता हूं कि वे बिहार राज्य पर विशो ध्यान देंगे और वहां रोजगार से जुड़े कार्यक्रम और योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए कदम उठायेंगे।